लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Times of India
दिनांक 23.10.2019 पृष्ठ सं. ........ कॉलम ........

# CCSHAU signs MoU with ICAR



Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar has signed a memorandum of understanding (MoU) with ICAR-Central Institute for Research on Buffaloes, Hisar. The objective of this MoU is to promote and accelerate the programmes of skill development for the farmers/members of SC community. The MoU was signed by Dr. M. S. Sidhpuria director, human resource management, CCSHAU, and Dr. S. S. Dahiya, director, CIRB, Hisar in presence of prof. K. P. Singh, vice-chancellor, CCSHAU.

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक 23.10.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 7-8

# एचएयू के खरपतवार अनुभाग को मिला सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार




डॉ. एसएस पूनिया व डॉ. सुशील पुरस्कार प्राप्त करते हुए। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2018-19 के सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में असम में 26वीं वार्षिक समीक्षा बैठक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर आयोजित की गई थी।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने डॉ. एसएस पूनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केंद्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में गेहूं में खरपतवार में प्रतिरोधी कनकी व सरसों और टमाटर में परजीवी खरपतवार के प्रबंधन के लिए विकसित की गई तकनीक उल्लेखनीय हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र ने 42 प्रशिक्षण, 6 कार्यशालाएं, 17 सेमीनार, 17 किसान मेला, 24 क्षेत्र दिवस, 5 पार्थेनियम जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं और विभिन्न प्रशिक्षणों में 20 टीवी/रेडियो वार्ता और खरपतवार प्रबंधन पर 131 व्याख्यान दिए हैं।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.....दैनिक भास्कर.....
दिनांक.....23.10.2019..... पृष्ठ सं.....4..... कॉलम.....5-6.....

# खरपतवार अनुभाग को सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से नवाजा

## एचएयू में आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित




एचएयू के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

भास्कर न्यूज | हिसार

हिसार | एचएयू के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान को वर्ष 2018-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में आयोजित 26वीं वार्षिक समीक्षा बैठक जोरहट, असम में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर, आईसीएआर-निदेशालय पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने डॉ. एसएस पूनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केन्द्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक...23.10.2019.... पृष्ठ सं....3.... कॉलम....6:8....




डा. एस.एस. पूनिया व डा. सुशील पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

# हकृवि का खरपतवार अनुभाग सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित

हिसार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान को वर्ष 2018-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

हाल ही में आयोजित 26वीं वार्षिक समीक्षा बैठक जोरहट, असम में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर, आई.सी.ए.आर.-निदेशालय पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने डा. एस.एस. पूनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केन्द्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुक्सान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में गेहूं में खरपतवार में प्रतिरोधी कनकी व सरसों और टमाटर में परजीवी खरपतवार के प्रबंधन के लिए विकसित की गई तकनीक उल्लेखनीय है।

पिछले 5 वर्षों के दौरान, केन्द्र ने 42 प्रशिक्षण, 6 कार्यशालाएं, 17 सैमीनार, 17 किसान मेला, 24 क्षेत्र दिवस, 5 पार्थेनियम जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं। इससे पहले भी हिसार केन्द्र को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जा चुका है। विभागाध्यक्ष डा. समुंद्र सिंह ने बताया कि हिसार केन्द्र हमेशा से खरपतवार प्रबंधन पर देश भर में अग्रणी रहा है व उसी परम्परा को विभाग ने आगे बढ़ाया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ हरि. भूमि

दिनांक 23.10.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 6-8

# खरपतवार प्रबंधन में योगदान के लिए हकृवि को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। पुरस्कार प्राप्त करते डॉ. एसएस पूनिया व डॉ. सुशील।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान को वर्ष 2018-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में आयोजित 26वीं वार्षिक समीक्षा बैठक जोराहट, असम में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर, आईसीएआर-निदेशालय पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने डॉ. एस.एस. पुनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।

हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केन्द्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में गेंहू में खरपतवार में प्रतिरोधी कनकी व सरसों और टमाटर में परजीवी खरपतवार के प्रबंधन के लिए विकसित की गई तकनीक उल्लेखनीय हैं।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, केन्द्र ने 42 प्रशिक्षण, 6 कार्यशालाएं, 17 सेमिनार, 17 किसान मेला, 24 क्षेत्र दिवस, 5 पार्थेनियम जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं और विभिन्न प्रशिक्षणों में 20 टीवी/रेडियो वार्ता और खरपतवार प्रबंधन पर 131 व्याख्यान दिए हैं। कृषि कालेज के डीन व अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने डॉ. पुनिया व उनकी टीम को बधाई दी व कहा कि हमें आशा है कि आने वाले समय में विभाग भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह ने बधाई देते हुए बताया कि हिसार केन्द्र हमेशा से खरपतवार प्रबंधन पर देश भर में अग्रणी रहा है व उसी परम्परा को विभाग ने आगे बढ़ाया है।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स

दिनांक: 22.10.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-6

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खरपतवार अनुभाग को राज्यभर में मिला सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान को वर्ष 2018-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में आयोजित 26वी वार्षिक समीक्षा बैठक जोरहट, असम में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर, आईसीएआर-निदेशालय पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने डॉ. एस.एस. पुनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।

हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केन्द्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में गेंहू में खरपतवार में प्रतिरोधी कनकी व सरसों और टमाटर में परजीवी खरपतवार के प्रबंधन के लिए विकसित की गई तकनीक उल्लेखनीय है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, केन्द्र ने 42 प्रशिक्षण, 6 कार्यशालाएं, 17 सेमिनार, 17 किसान मेला, 24 क्षेत्र दिवस, 5 पार्थेनियम जागरूकता शिविर आयोजित किए है और विभिन्न प्रशिक्षणों में 20 टीवी/रेडियो वार्ता और खरपतवार प्रबंधन पर 131 व्याख्यान दिए है। हिसार केन्द्र ने 49 शोध पत्र, 25 लोकप्रिय लेख, 24 पुस्तकें/बुलेटिन प्रकाशित किए हैं, और सेमिनार में 68 पत्र प्रस्तुत किए हैं। इससे पहले भी हिसार केन्द्र को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जा चुका है।

कृषि कालेज के डीन व अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने डॉ. पूनिया व उनकी टीम को बधाई दी व कहा कि हमें आशा है कि आने वाले समय में विभाग भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद सिंह ने बधाई देते हुए बताया कि हिसार केन्द्र हमेशा से खरपतवार प्रबंधन पर देश भर में अग्रणी रहा है व उसी परम्परा को विभाग ने आगे बढ़ाया है।



हिसार। डॉ. एस.एस. पूनिया व डॉ. सुशील पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ नित्य शक्ति टाइम्स ........
दिनांक.... 22 : 10 : 2019 .... पृष्ठ सं..... 3 ..... कॉलम..... 5-8 .....

# खरपतवार प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सस्य विज्ञान विभाग को मिला पुरस्कार

हिसार, 22 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के खरपतवार अनुभाग को हरियाणा राज्य में खरपतवार प्रबंधन द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान को वर्ष 2018-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में आयोजित 26वीं वार्षिक समीक्षा बैठक जोरहट, असम में खरपतवार अनुसंधान

## विभागाध्यक्ष डा. समुन्द्र सिंह ने दी बधाई, परम्परा को आगे बढ़ाया

निदेशालय, जबलपुर द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर, आईसीएआर-निदेशालय पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने डॉ. एसएस पूनिया व खरपतवार नियंत्रण टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। हरियाणा राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित उपरोक्त केन्द्र ने खरपतवार के कारण होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए समन्वित खरपतवार परियोजना प्रबंधन महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में गेहू में खरपतवार में प्रतिरोधी कनकी व सरसों और टमाटर में परजीवी खरपतवार के प्रबंधन के लिए विकसित की गई तकनीक उल्लेखनीय हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान, केन्द्र ने 42 प्रशिक्षण, 6 कार्यशालाएं, 17 सेमिनार, 17 किसान मेला, 24 क्षेत्र दिवस, 5 पार्थेनियम जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं और विभिन्न प्रशिक्षणों में 20 टीवी/रेडियो वार्ता और खरपतवार प्रबंधन पर 131 व्याख्यान दिए हैं। हिसार केन्द्र ने 49 शोध पत्र, 25 लोकप्रिय लेख, 24 पुस्तकें/बुलेटिन प्रकाशित किए हैं, और सेमिनार में 68 पत्र प्रस्तुत




किए हैं। इससे पहले भी हिसार केन्द्र को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जा चुका है। कृषि कालेज के डीन व अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने डॉ. पुनिया व उनकी टीम को बधाई दी व कहा कि हमें आशा है कि आने वाले समय में विभाग भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह ने बधाई देते हुए बताया कि हिसार केन्द्र हमेशा से खरपतवार प्रबंधन पर देश भर में अग्रणी रहा है व उसी परम्परा को विभाग ने आगे बढ़ाया है।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...अमर उजाला...
दिनांक 23.10.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 3-5

# प्लास्टिक का प्रयोग न करने का दिया संदेश

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गावड़ में रैली निकाल कर प्लास्टिक न इस्तेमाल करने संबंधी अभियान चलाया गया। इसमें गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारे ग्रामीण महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आह्वान किया।




गांव गांवड़ में रैली के माध्यम से जागरूक करतीं एचएयू की छात्राएं। - अमर उजाला

प्लास्टिक इस्तेमाल करने के हानिकारक प्रभावों के विषय में जागरूक किया व प्लास्टिक न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी व व्याख्यान के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने करने व वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

# लोक संपर्क कार्यालय
## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......
दिनांक...23.10.2019...... पृष्ठ सं....2...... कॉलम...6-7......

# प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने बारे निकाली जागरूकता रैली




*जागरूकता रैली निकालती छात्राएं।*

हिसार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गावड़ में रैली निकालकर प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने संबंधी अभियान चलाया गया इसमें गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजिका डा. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारेग्रामीण महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

उन्होंने महिलाओं को विधि प्रदर्शन द्वारा घर में रखे पुराने सूती वस्त्रों से बैग बनाना सिखाया तथा स्कूली बच्चों को कपड़े के बने किट में खाना देने का आहवान किया।

प्लास्टिक इस्तेमाल करने के हानिकारक प्रभावों के विषय में जागरूक किया व प्लास्टिक न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी व व्याख्यान के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने करने व वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

# लोक संपर्क कार्यालय
## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......हरि भूमि......

दिनांक 23. 10. 2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 1



### प्लास्टिक के प्रति निकाली जागरूकता रैली

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गावड़ में रैली निकाल कर प्लास्टिक न इस्तेमाल करने संबंधी अभियान चलाया गया इसमें गांव के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारे ग्रामीण महिलाओं एवं आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आहवान किया। उन्होंने महिलाओं को विधि प्रदर्शन द्वारा घर में रखे पुराने सूती वस्त्रों से बैग बनाना सिखाया तथा स्कूली बच्चों को कपड़े के बने किट में खाना देने का आहवान किया। प्लास्टिक इस्तेमाल करने के हानिकारक प्रभावों के विषय में जागरूक किया व प्लास्टिक नहीं इस्तेमाल करने का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी व व्याख्यान के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने करने तथा वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......

दिनांक 23. 10. 2019...... पृष्ठ सं......2...... कॉलम......3-5......

# गावड़ में रैली निकाल प्लास्टिक यूज न करने को लेकर किया जागरूक

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गावड़ में रैली निकाल कर प्लास्टिक इस्तेमाल न करने संबंधी अभियान चलाया। इसमें गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारे ग्रामीण महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को घर में रखे पुराने सूती वस्त्रों से बैग बनाना सिखाया।




गावड़ में रैली निकालकर अवयेर करतीं छात्राएं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........सिटी पल्स........

दिनांक ..22.10.2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-4....

# एचएयू की छात्राओं ने गावड़ में चलाया प्लास्टिक इस्तेमाल के खिलाफ अभियान

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गावड़ में रैली निकाल कर प्लास्टिक न इस्तेमाल करने संबंधी अभियान चलाया गया इसमें गांव के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।




कार्यक्रम संयोजिका डॉ. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारे ग्रामीण महिलाओं एवं आगंनवाडी कार्यकर्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आहवान किया। उन्होंने महिलाओं को विधि प्रदर्शन द्वारा घर में रखे पुराने सूती वस्त्रों से बैग बनाना सिखाया तथा स्कूली बच्चों को कपड़े के बने किट में खाना देने का आहवान किया। प्लास्टिक इस्तेमाल करने के हानिकारक प्रभावों के विषय में जागरूक किया व प्लास्टिक न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी व व्याख्यान के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने करने व वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....नित्य शक्ति टाइम्स....
दिनांक..22.10.2013.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम....7-8....

# रैली निकालकर प्लास्टिक इस्तेमाल न करने की अपील




हिसार, 22 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने गांव गावड़ में रैली निकाल कर प्लास्टिक न इस्तेमाल करने संबंधी अभियान चलाया गया इसमें गांव के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. राजेश दहिया ने सिंगल यूज प्लास्टिकका प्रयोग बंद करने एवं इसके दुष्प्रभाव बारे ग्रामीण महिलाओं एवं आगंनवाडी कार्यकर्ताओं को वातावरण स्वच्छ रखने का आहवान किया। उन्होंने महिलाओं को विधि प्रदर्शन द्वारा घर में रखे पुराने सूती वस्त्रों से बैग बनाना सिखाया तथा स्कूली बच्चों को कपड़े के बने किट में खाना देने का आहवान किया। प्लास्टिक इस्तेमाल करने के हानिकारक प्रभावों के विषय में जागरूक किया व प्लास्टिक न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी व व्याख्यान के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने करने व वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... नित्य शक्ति टाइम्स ......
दिनांक 22.10.2019 ...... पृष्ठ सं. 2 ...... कॉलम 1-2 ......

# हकृवि के कैंपस अस्पताल में शिविर आयोजित

**हिसार, 22 अक्तूबर (निस)।** कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस अस्पताल में एक हड्डी व जोड़ रोग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने किया। कैम्प में 64 मरीजों की जांच व उपचार किया गया। इस कैम्प में डॉ. सुधीर कुमार हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ सीएमसी अस्पताल, हिसार ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, विद्यार्थियों व अधिकारियों की मुफ्त में जांच की व इससे संबंधित दवाइयां वितरित भी की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार चौधरी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम भास्कर, अमर उजाला, पंजाब केसरी
दिनांक 23.10.2019 पृष्ठ सं. 2, 2, 3 कॉलम 1-2, 8, 8

## एचएयू के कैंपस अस्पताल में लगाया कैंप, 64 मरीजों का किया हेल्थ चेकअप और इलाज

**हिसार** | एचएयू परिसर स्थित कैंपस अस्पताल में एक हड्डी व जोड़ रोग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने किया। कैम्प में 64 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। इस कैम्प में डॉ. सुधीर कुमार हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अधिकारियों की मुफ्त में जांच की व इससे संबंधित दवाइयां वितरित भी की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार चौधरी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कैंप में 64 मरीजों की जांच

हिसार। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस अस्पताल में एक हड्डी व जोड़ रोग कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने किया। कैंप में 64 मरीजों की जांच व उपचार किया गया। इस कैंप में डॉ. सुधीर कुमार हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ सीएमसी अस्पताल, हिसार ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, विद्यार्थियों व अधिकारियों की मुफ्त में जांच की। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार चौधरी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## हकृवि में लगाया मैडीकल कैंप

हिसार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस अस्पताल में एक हड्डी व जोड़ रोग कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प का शुभारंभ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने किया। कैम्प में 64 मरीजों की जांच व उपचार किया गया। इस कैम्प में डा. सुधीर कुमार हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, विद्यार्थियों व अधिकारियों की मुफ्त में जांच की व इससे संबंधित दवाइयां वितरित भी की गई।